शिक्षा हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है और देश के विकास में योगदान देती है। ''स्वस्थ्य तन तो स्वस्थ्य मन'' की परिभाषा को चिरतार्थ करने हेतु उत्तरायण फेथ फाउंडेशन द्वारा स्कूल हेल्थ कार्यक्रम के माध्यम से अल्मोड़ा जिले के विभिन्न स्कूलों मैं हृदय रोग एवं स्वस्थ्य जीवन शैली पर आसान ग्राफिक के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने के फायदे एवं असंक्रामक रोगों के रोक–थाम पर विशेष कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। हमारा मानना है कि हृदय रोग एक असंक्रामक रोग होने के कारण कुछ लोगों में इसके लक्षण बचपने में ही घर कर जाते हैं जो कि समय के साथ धीरे–धीरे गंभीर रोगों को जन्म देती है। इसका सबसे अधिक खतरा बच्चों में देखा गया है जिनमें इन लक्षणों को पहचानने की समझ ना के बराबर होती है। इन बातों के मध्येनजर उत्तरायण फेथ फाउंडेशन अपनी पहल ''स्कूल हेल्थ कार्यक्रम'' को बच्चों तक पहुंचा रही है।

| S. No | Date | Activities | Place | Subject |
|---|---|---|---|---|
| 14 | 21/05/2017 | Lectures on Heart Disease | Army Public School, Almora | Lecture on "Heart Disease in Kumaon" Causes & Preventions |

## जंक फूड, धूम्रपान, ड्रग्स हृदय रोग के कारण



अल्मोड़ा। आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा में 'हार्ट डिजीज इन कुमाऊं' विषय पर व्याख्यान देते हुए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. ओपी यादव ने हृदय रोग और हार्ट अटैक से बचने के उपाय बताए।

नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट नई दिल्ली के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. यादव ने कहा कि हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, हाइपर टेंशन, ड्रग्स और शराब के सेवन के कारण हार्ट अटैक की संभावना बढ़ जाती है। भारतीयों में यह संभावना उनके जीन के कारण अन्य देशों की तुलना में अधिक है। जंक फूड, धूम्रपान और तैलीय पदार्थों से कोलस्ट्राल बढ़ जाता है और हृदय की नशों में जमा हो जाता है। इससे दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। वर्तमान जीवन शैली, रहन-सहन, खानपान और शारीरिक क्रियाकलापों के कम होने के कारण भी हृदयरोग बढ़ रहे हैं। उन्होंने सलाह दी कि व्यक्ति को मोटापे पर नियंत्रण रखना चाहिए। प्रधानाचार्य सुशील जोशी ने डा. यादव का आभार जताया। ब्यूरो

| S. No | Date | Activities | Place | Subject |
|---|---|---|---|---|
| 14 | 21/05/2017 | Lectures on Junk Food, Drugs and healthy lifestyle | Sharda Public School, Almora | Lectures and group discussion on Junk Food, Smoking, Drugs and Heart Disease with the help of PPT |

## स्वस्थ रहने के लिए नशीले पदार्थों से रहें दूर : डॉ. यादव



अल्मोड़ा। हृदय रोग विशेषज्ञ और नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. ओपी यादव ने धूम्रपान के साथ ही नशीले पदार्थों और ड्रग्स आदि को स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बताते हुए छात्रों से इससे दूर रहने का आह्वान किया। शारदा पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने हृदय रोगों से बचने के उपाय भी बताए।

हाल ही में राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजे गए डॉ. यादव ने छात्र-छात्राओं से अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान-पान पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने खास तौर पर युवाओं में बढ़ रही नशे और धूम्रपान की प्रवृत्ति को स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि आगे जाकर इससे कैंसर और अस्थमा जैसी बीमारियां होती हैं। उन्होंने कहा वर्तमान जीवन शैली में अनियमित खानपान और शारीरिक क्रियाकलापों के कम होने के कारण भी हृदयरोग बढ़ रहे हैं। स्कूल के प्रबंधक शेखर लखचौरा ने डॉ. यादव का स्वागत किया। वहां पर प्रधानाचार्या विनीता शेखर, ऋतु पांडे, विभा उप्रेती, सुमित जोशी, राजेंद्र जोशी, गणेश मनकोटी आदि थे। ब्यूरो






<u>पार्वती कान्वेंट स्कूल धौलछीना में डेंटल एवं स्वछता विषय पर हेल्थ लेक्चर कार्यक्रम</u>














अमर उजाला

नैनीताल शनिवार, 24 मार्च 2018 11

## शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

अल्मोड़ा। शारदा पब्लिक स्कूल बाड़ेछीना में विद्यार्थियों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेशनल हार्ट इंस्टीटयूट नई दिल्ली और उत्तरायण अस्पताल पपरसली के डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया।

डॉ. सोलेंदर सिंह पाल ने स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव पांडे आदि थे। ब्यूरो

शिविर में बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण करते डॉक्टर।

## पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग

अल्मोड़ा। एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति; जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 में दी गई व्यवस्था में संशोधन को लेकर विचार विमर्श किया। वक्ताओं ने अधिनियम में संशोधनों के बाद उक्त वर्गों के खिलाफ उत्पीड़नों के मामले बढ़ने की आशंका जताई। उन्होंने प्रधानमंत्री से सर्वोच्च न्यायालय में एससी-एसटी वर्ग की सुरक्षा और अत्याचार रोकने के लिए पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की। बैठक में जिलाध्यक्ष भूपाल प्रसाद कोहली, प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार भाटिया, सुंदर लाल आर्य आदि थे। ब्यूरो


## रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक आज

अल्मोड़ा। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा की बैठक 24 मार्च को दिन में 11

## किसानों को प्रशिक्षण दिया

चौखुटिया (अल्मोड़ा)। अमन संस्था की ओर से तकनीकी हस्तांतरण कार्यक्रम के तहत तीन गांवों में वीएल स्याही हल का प्रदर्शन किया गया। स्याही देवी विकास समिति गोपाल बिष्ट और जीवन नेगी ने पालंगबाडी, ताल और गड़स्यारी में किसानों के साथ खेतों में हल का प्रदर्शन किया। वहां संस्था के रघु

<u>अल्मोड़ा जिले के ज्ञानोदय स्कूल डीनापानी, शारदा पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा, डोबा एवं बाड़ेछीना, पार्वती कान्वेंट स्कूल धौलछीना, प्राइमरी स्कूल गधौली, कसारदेवी, मांट, सल्ला एवं कपड़खान के स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए</u>






अल्मोड़ा जिले के इंटर कॉलेज डीनापानी में बच्चों के बीच दिल के रख रखाव एवं स्वस्थ्य जीवन शैली विषय पर आयोजित कार्यक्रम में

# उत्तरायण हॉस्पिटल का उद्‌घाटन




उत्तरायण हॉस्पिटल का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के कर कमलों द्वारा 24 , जून 2017 को पपरसली, अल्मोड़ा में संपन्न हुआ



माननीय मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत जी द्वारा फीता काटकर हॉस्पिटल का विधिवत उद्‌घाटन करते हुए साथ में डॉ. ओ.पी. यादव, श्री अजय भट्ट, श्री धन सिंह रावत, श्री रघुनाथ सिंह चौहान एवं अन्य गण–मान्य लोग



उत्तरायण हॉस्पिटल के उद्घाटन के अवसर पर मौजूद शहर के गण मान्य लोग

# गणमान्य एवं प्रतिष्ठित ब्यक्तियों द्वारा उत्तरायण फाउंडेशन द्वारा स्थापित उत्तरायण हॉस्पिटल का दौरा




श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड




श्री अजय टम्टा वस्त्र राज्य मंत्री भारत सरकार




श्री ए. आर. कोहली पूर्व महामहिम राज्यपाल मिजोरम




श्री अजय भट्ट प्रदेश अध्यक्ष बी.जे.पी




श्री रघुनाथ सिंह चौहान विधान सभा उपाध्यक्ष उत्तराखंड सरकार




श्री प्रदीप टम्टा राज्य सभा सांसद, अल्मोड़ा–पिथौरागढ़




श्री नलिन सत्यकाम कोहली राष्ट्रीय प्रवक्ता बी.जे.पी.



श्री धन सिंह रावत उच्च शिक्षा मंत्री उत्तराखंड सरकार एवं जिला प्रभारी अल्मोड़ा, श्री नलिन सत्यकाम कोहली वरिष्ठ अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट एवं नेशनल प्रवक्ता बी. जे. पी., डॉ. ओ. पी. यादव



शिविर के दौरान श्री अजय टम्टा वस्त्र राज्य मंत्री भारत सरकार



डी. एम. अल्मोड़ा श्रीमती ईशा आशीष श्रीवास्तव, श्री रघुनाथ सिंह चौहान, डॉ. ओ. पी. यादव, श्री देब सिंह पिलख्वाल एवं श्री महिपाल सिंह पिलख्वाल

# सांसद टम्टा के प्रयासों से तीन बच्चों की हार्ट सर्जरी

अमर उजाला ब्यूरो



नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट में ऑपरेशन के बाद बच्चे।

**पिथौरागढ़।** सांसद अजय टम्टा के प्रयासों ने दिल्ली स्थित नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट में 18 साल से कम उम्र के बच्चों की मुफ्त में दिल की सर्जरी की जा रही है। उनके प्रयासों से अब तक तीन गरीब बच्चों के दिल की सर्जरी हुई है। तीनों बच्चों के परिजनों ने सांसद का आभार जताया है।

सांसद अजय टम्टा को जैसे ही हार्ट इंस्टीट्यूट के चैरिटी कार्य के बारे में पता चला तो उन्होंने हार्ट सर्जन ओपी यादव को 2018 में पिथौरागढ़ में कैंप लगाने के आमंत्रित किया। सर्जन यादव की सीमांत सेवा फाउंडेशन के गठन में भी अहम भूमिका रही है। गो घाटीबगड़ निवासी 13 वर्षीय आस्था पुत्री स्व. दिनेश राम के दिल में छेद था। आस्था के इलाज के लिए उसकी मां बसंती की दीदी विमला ने जौलजीबी छोड़कर दिल्ली में सुरक्षा गार्ड की नौकरी शुरू की। आस्था का एम्स में इलाज शुरू किया तो डॉक्टरों ने एक लाख रुपये जमा करने को कहा। परिवार के लोगों ने पूर्व प्रधान बबलू ग्वाल के जरिये सरमोली के जिपं सदस्य जगत मर्तोलिया को इसकी जानकारी दी।

मर्तोलिया ने सांसद टम्टा से वार्ता की। सांसद ने प्रधानमंत्री सहायता कोष के लिए प्रस्ताव भेजा। इसी बीच आस्था की हालत खराब होने लगी। सांसद

## नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट कर रहा है निर्धन बीमार बच्चों की मदद

टम्टा ने इंस्टीट्यूट के मालिक डॉ. यादव से बात की। आस्था को इंस्टीट्यूट बुलाया गया। मर्तोलिया ने बताया कि चंपावत के ग्राम सिप्टी निवासी 10 वर्षीय राहुल कुमार पुत्र प्रकाश राम, अल्मोड़ा के ग्राम डल (रुनडाल) भी दिल की बीमारी से ग्रसित थे। 24 दिसंबर को सांसद की मौजूदगी में अल्मोड़ा के कसार देवी में लगे मेडिकल कैंप में दोनों बच्चों का चयन सर्जरी के लिए हुआ।

तीनों बच्चों का 27 दिसंबर को डॉ. यादव ने सफल आपरेशन किया। इंस्टीट्यूट के महिपाल सिंह पिलखवाल ने बताया कि उत्तराखंड के 22 बच्चों समेत 111 निर्धन मरीजों का अभी तक मुफ्त में आपरेशन किया जा चुका है।

# डॉक्टर्स डे पर अमर उजाला फाउंडेशन की पहल अस्पतालों में 56 मरीजों को निशुल्क परामर्श मिला

अमर उजाला ब्यूरो

अल्मोड़ा।

डॉक्टर्स डे पर अमर उजाला फाउंडेशन की पहल से उत्तरायण फाउंडेशन के पपरसली स्थित अस्पताल में रोगियों का निशुल्क इलाज किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक निशुल्क ओपीडी में 40 रोगियों की जांच कर मुफ्त में दवाएं भी दी गईं।

उत्तरायण फाउंडेशन की ओर से पपरसली में शनिवार को आयोजित शिविर में सुबह से ही मरीजों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। फिजीशियन डॉ. सोलेंदर पाल सिंह ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उत्तरायण फाउंडेशन की ओर से 40 मरीजों को निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं।

डॉ. पाल ने बताया कि शिविर में जांच कराने पहुंचे अधिकांश मरीज डायबिटीज, कमर दर्द, वायरल फीवर आदि से पीड़ित थे। विशेष शिविर में पहुंचे रोगियों ने अमर उजाला फाउंडेशन और उत्तरायण फाउंडेशन की पहल की सराहना की।

इधर, उत्तरायण फाउंडेशन के महिपाल पिलख्वाल ने बताया है कि उत्तरायण अस्पताल में रोगियों की सुविधा के लिए दो माह के भीतर डायलिसिस मशीन भी उपलब्ध करा दी जाएगी। मालूम हो कि अब तक अल्मोड़ा में फिलहाल किसी भी अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

मालूम हो कि उत्तरायण फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. ओपी यादव ने बीते दिनों अस्पताल के लोकार्पण के मौके पर यहां डायलिसिस मशीन उपलब्ध कराने की भी घोषणा की थी।



डॉक्टर्स डे पर उत्तरायण अस्पताल में मरीज की जांच करते डॉ. पाल।

AMAR UJALA FOUNDATION

## डॉक्टरों ने ओपीडी में एक घंटा अतिरिक्त दी सेवाएं


गरुड़ मोहन सिंह मेहता में इलाज के लिए आए मरीज।

गरुड़ (बागेश्वर)। डॉक्टर्स डे पर अमर उजाला फाउंडेशन की पहल पर मोहन सिंह मेहता सीएचसी बैजनाथ के डॉक्टरों ने एक घंटा अतिरिक्त ओपीडी देखी। फार्मेसिस्टों और एएनएम ने भी ओपीडी में पूरा सहयोग दिया।

मोहन सिंह मेहता सीएचसी बैजनाथ के प्रभारी चिकित्साधिकारी राजेश सिंह गुंज्याल और वरिष्ठ फिजीशियन एसएस सरना ने एक घंटा अतिरिक्त ओपीडी के दौरान डॉक्टरों ने 16 मरीज देखे। अस्पताल के वरिष्ठ फार्मेसिस्ट आनंद वर्मा एवं अस्पताल कर्मियों ने ओपीडी में डॉक्टरों को सहयोग दिया। अमर उजाला फाउंडेशन की ही पहल पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौसानी, उप स्वास्थ्य केंद्र देवनाई, कंधार, सैलानी, घेटी के डॉक्टरों और फार्मेसिस्ट ने भी एक घंटा अतिरिक्त ओपीडी देखी। एएनएम ने भी सब सेंटरों में एक घंटा अतिरिक्त सेवाएं दी। विधायक चंदन दास, जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, उपाध्यक्ष देवेंद्र परिहार, कपकोट के पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, ब्लाक प्रमुख भरत फर्स्वाण, कनिष्ठ प्रमुख प्रकाश कोहली, भाजपा के मंडल अध्यक्ष मंगल राणा, सांसद प्रतिनिधि घनश्याम जोशी, देवेंद्र गोस्वामी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण आर्या, ग्राम प्रधान बिनखोली दया गोस्वामी, मेलाडुंगरी के प्रधान बलवंत भंडारी, पुरुड़ा के प्रधान जसवंत सिंह ने अमर उजाला की पहल का स्वागत किया। ब्यूरो



बाल स्वास्थ्य शिविर के दौरान बच्चों के साथ उत्तरायण की टीम

# विशेष सहयोग हेतु आभार

न्यायाधीश श्री सतीश चंद्रा जी के प्रयासों से श्रीमती भत्तूदेवी सोहनलाल मालू मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट, नई दिल्ली (कुबेर समूह) के सहयोग से उत्तरायण फेथ फाउंडेशन को ट्रस्ट्री श्री विकास माल् जी द्वारा एम्बुलेंस भेंट की गयी। उत्तरायण परिवार उनके इस नेक काम हेतु कुबेर समूह का दिल से आभार व्यक्त करता है फाउंडेशन ने इसे एक सचल मेडिकल वाहन के रूप में तैयार किया है। यह आधुनिक सचल मेडिकल वाहन अब कसारदेवो एवं आस–पास के क्षत्रों में अपनी सेवा देने हेतु तैयार है।



श्रीमती भत्तूदेवी सोहनलाल मालू मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट (कुबेर समूह) के ट्रस्ट्री श्री विकास मालू जी द्वारा एम्बुलेंस की चाबी श्री महिपाल सिंह पिलख्वाल को प्रदान करते हुए

न्यायाधीश श्री सतीश चंद्रा जी का हम ह्दय से आभार व्यक्त करते है कि फाउंडेशन द्वारा सफलता पूर्वक चलाएं जा रहे सामजिक कार्यों हेतु संस्था को एम्बुलेंस प्रदान करने में अहम् योगदान दिया। श्री सतीश चंद्रा जी भारत के न्याय पालिका के एक महत्वपूर्ण स्तम्ब ही नहीं बल्कि उनके अंदर सामजिक विषमताओं को दूर करने की प्रबल इच्छा हमेशा से रही है वो हमेशा से ही समाज के प्रति अपने कर्तब्य एवं उन सभी सामजिक मूल्यों को हमेशा से ही बढ़ावा देते आ रहे हैं जो एक दूसरे के मदद के बिना असंभव है। उत्तरायण परिवार समाज के प्रति उनकी सकारात्मक सोच एवं भावनाओं का आदर– सम्मान करता है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ईश्वर से उन्हें सतत आयु प्रदान करने हेतु प्रार्थना करता है।




**उत्तरायण सचल मेडिकल वाहन**

साथ ही श्री देब सिंह पिलख्वाल, श्री बद्री विशाल अग्रवाल एवं श्री शेखर लखचौरा, डॉ. शिवाजी फौजदार, डॉ. राजकुमार सैनी, डॉ. महेंद्र नरवाल, डॉ. सुमोजीत, डॉ. रवि गुज्जु, डॉ. सोलिंदर पाल सिंह, डॉ. अनिल मेहता, डॉ. मंजू मेहता, डॉ. जे. सी. दुर्गापाल, डॉ. उदय यादव, डॉ. नूमन वानी, डॉ. अनिरुद्धथ माथुर, डॉ. आशीष, डॉ. धनेश भारद्वाज, डॉ. अनुराग, डॉ. धीरज, डॉ. एच. सी. गड़कोटी, डॉ. पूनम गड़कोटी, डॉ. संतोष बिष्ट, डॉ. साक्षी, डॉ. मृणाल यादव, ई० सी० जी० तकनीशियन श्री निर्मल द्विवेदी, श्री प्रीतम सिंह, श्री शांति पिलख्वाल वही लैब तकनीशियन श्री राशिद अहमद एवं श्रीमती चित्रा आहूजा जी की टीम का उल्लेखनीय एवं महत्पूण योगदान रहा। न्यास के इस पुरे अभियान में सहयोग करने वाले सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों, चिकत्स्कों, सामाजिक कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, मीडियाकर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों के हम सदैव आभारी रहेंगे ऑर्डर उम्मीद करते है कि न्यास के इस सामजिक यात्रा और मानव कल्याण के मिशन में आगे भी आप सभी लोगों का आशीर्वाद एवं सहयोग मिलता रहेगा।



# "हैप्पी हार्ट" अभियान
# कुमाऊं के सीमान्त जिलों में

## अल्मोड़ा बनेगा राज्य का पहला "जन्म–जात हृदय रोग" से मुक्त जिला

''हैप्पी हार्ट'' कार्यक्रम के तहत हाल ही में फाउंडेशन द्वारा कुमाऊँ से 10 बच्चों का सफलता पूवर्क निःशुल्क ओपन हार्ट सर्जरी नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली में किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए फाउंडेशन डॉ. ओ पी यादव जी के नेतृत्व में अल्मोड़ा जिले में जन्म–जात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए ''हैप्पी हार्ट'' अभियान चलायेगा। स्पेसलिस्ट डॉक्टरों का पहाड़ चढ़ना एक सपना जैसा है और वही हम इस तकनीकी से सीधे स्पेसलिस्ट डॉक्टरों से जुड़ नॉन–कम्युनिकेबल बिमारियों से बहुत हद तक लोगों को बचाने का काम किया जा सकता है।

एक दशक से अधिक समय से हृदय रोगियों को फाउंडेशन सेवायें दे रहा है परन्तु क्षेत्र का विस्तार एवं भौगोलिक स्थिति काफी दुर्गम होने से समाज के अधिकतर जरुरतमंद बच्चों तक हम पहुंच नहीं पा रहे हैं

फाउंडेशन द्वारा विकसित अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित एम्बुलेंस पुरे जिले में भृमण कर जरुरतमंद बच्चों की पहचान कर सहयोगियों की मदद से निःशुल्क उपचार हेतु प्रयास करेगा।



अमर उजाला हमर कुमों

amarujala.com

नैनीताल | रविवार, 26 जनवरी 2020 | 2

तापमान 14.0° अधिकतम | 3.0° न्यूनतम

• सूर्यास्त 5.39 (आज)
• सूर्योदय 7.07 (कल)

**आज का पूर्वानुमान**

मौसम साफ रहेगा। दिन में धूप खिली रहेगी। दोपहर बाद कुछ हिस्सों में हल्के बादल छाएंगे। सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन रहेगी।

**आज के कार्यक्रम**

**विभिन्न विद्यालयों के बच्चे प्रभातफेरी निकालेंगे**

द्वाराहाट में 26 जनवरी के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चे प्रभातफेरी निकालेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगी।

- **सुबह 11 बजे :** क्रॉस कंट्री दौड़ के विजेता, उप विजेता खिलाड़ियों को पुलिस लाइन अल्मोड़ा के मैदान में खेल विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा।
- **सुबह 10 बजे :** बागेश्वर, कपकोट, गरुड़, कांडा तहसील परिसर में सुबह 10 बजे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का बेमियादी धरना जारी रहेगा।

अमर उजाला आपकी आवाज

नोट : अगले दिन प्रकाशित करने के लिए शाम 5 बजे से पहले ई-मेल करें। अटैचमेंट 1 एमबी से बड़ा न हो।

| अल्मोड़ा | बागेश्वर |
|---|---|
| 9675898753 | 7251808928 |
| almorabureau@ntl.amarujala.com | bageshwarbureau@ntl.amarujala.com |

**आज के कार्यक्रम**

**खेल**

- रानीखेत के कारचूली में जय गोरखनाथ क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बालम एकादश और कफड़ा की टीमों के बीच खेला जाएगा।
- रानीखेत के गगास मनेला में जय गोलू क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत एक बजे से मटेला एकादश और च्याली एकादश के बीच दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा।
- बागेश्वर के डिग्री कॉलेज परिसर में जनपदीय क्रिकेट टूर्नामेंट होगा।

**ध्वजारोहण**

- महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या पुलिस लाइन बागेश्वर में प्रस्तावित गणतंत्र दिवस परेड का निरीक्षण एवं ध्वजारोहण करेंगी।

**शिविर**

- जीआईसी मंडलसेरा बागेश्वर का एनएसएस शिविर [illegible]

## सात गरीब बच्चों की मुफ्त में हार्ट सर्जरी करके नया जीवन दिया

दीप जोशी (संवाद)

अल्मोड़ा। जो काम सरकारें तमाम घोषणाओं के बावजूद नहीं कर सकीं वह महान कार्य एक मददगार डॉक्टर ने दो हफ्ते में करके सात गरीब बच्चों को नया जीवन दिया है। नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट (एनएचआई) और उत्तरायण फाउंडेशन द्वारा शुरू किए गए हैप्पी हार्ट अभियान के तहत बीते 15 दिनों में कुमाऊं के सात गरीब बच्चों की मुफ्त में हार्ट सर्जरी की गई है। दो सप्ताह पहले तीन निर्धन बच्चों की सर्जरी की गई थी और अब चार अन्य बच्चों की निशुल्क सफल सर्जरी कर दी गई है। आर्थिक कारणों से सर्जरी नहीं करवा पा रहे उनके अभिभावकों ने राहत महसूस की है।

कोमल आर्या। दिनेश सिंह। हंसराज। हिमांशु

उल्लेखनीय है कि नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट (एनएचआई)पिछले कई सालों से अल्मोड़ा और आसपास के क्षेत्रों में हृदय रोग से पीड़ित रोगियों के इलाज के लिए मदद करता रहा है। बता दें कि हार्ट सर्जरी कराने में लाखों रुपये खर्च होते हैं लेकिन नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.ओपी यादव ने दो सप्ताह पहले धारचूला निवासी आस्था (13), चंपावत निवासी राहुल कुमार (11) और खूंट धामस अल्मोड़ा निवासी अर्जुन (11) की दिल्ली स्थित एनएचआई में मुफ्त में हार्ट सर्जरी की। उत्तरायण फाउंडेशन के सहयोग से शुरू किए गए हैप्पी हार्ट कार्क्रम के संयोजक महिपाल पिलख्वाल ने बताया कि चार दिन पहले चार अन्य बच्चों की सफल ओपन हार्ट सर्जरी कर दी गई है। इनमें हंसराज (12) और दिनेश सिंह (12) दोनों निवासी गंगोलीहाट, कोमल आर्या (14) द्वाराहाट और हिमांशु जोशी (11) टनकपुर चंपावत निवासी है। चारों बच्चे पैदाइशी हार्ट रोग से पीड़ित थे लेकिन आर्थिक संकटों के कारण उनके अभिभावक हार्ट सर्जरी नहीं करवा सके।

**अब तक आर्थिक कारणों से परिजव नहीं करा पा रहे थे अपने लाडलों का इलाज**

**टेलीमेडिसिन से हार्ट रोगियों को मुफ्त परामर्श देंगे डॉ. यादव**

अल्मोड़ा। हार्ट रोगियों के इलाज के लिए प्रदेश सरकार कुछ खास इंतजाम नहीं कर सकी है। दूसरी तरफ नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.ओपी यादव और हैप्पी हार्ट कार्यक्रम के संयोजक महिपाल पिलख्वाल ने बताया कि एनएचआई के सहयोग से जल्द ही अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत और बागेश्वर जिलों में टेलीमेडिसिन और सचल मेडिकल सेवा शुरू की जाएगी। इसके माध्यम से इन चार जिलों के हृदय रोगी टेलीमेडिसिन तकनीक के जरिये अपने जिलों से ही जाने माने हार्ट सर्जन डॉ.ओपी यादव से परामर्श ले सकेंगे। डॉ. यादव ने बताया कि उन्होंने नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट के माध्यम से टेलीमेडिसिन सुविधा प्रदान करने के संबंध में जिलाधिकारी को पत्र भी दिया है। उन्होंने कहा एनएचआई टेलीमेडिसिन के जरिये पहाड़ के रोगियों को निःशुल्क परामर्श देने को तैयार है। संवाद

## जानें जन्मजात ह्दय रोग के बारे में

जन्म–जात ह्दय रोग को आमतौर पर बच्चों में ह्दय रोग के रूप में जाना जाता है। गर्भ में ह्दय और बड़ी रक्त वाहिनियों में विकास के दौरान हुए दोषों से इन विकारों का जन्म होता है। इस स्थिति में दिल के द्वारा ब्लड फ्लो रुक जाता है जिससे सांस लेने में परेशानी होती है और धीरे–धीरे दिल का कामकाज प्रभावित होता है। हालांकि पता चलने पर इसका इलाज किया जा सकता है। इसका ट्रीटमेंट हार्ट डिजीज के प्रकार आर गंभीरता के आधार पर तय होता है। नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट के निदेशक एवं मुख्य कार्डियक सर्जन डॉक्टर डॉ ओ पी यादव के अनुसार, कुछ शिशुओं में दिल से जुड़े हल्के मामले होते हैं, जो समय के साथ

अपने आप सही हो जाते हैं, जबकि दिल से जुड़े कुछ मामलों के लिए उपचार बहुत जरूरी है।



अमर उजाला **हमर कुमौं** amarujala.com

नैनीताल | रविवार, 12 जनवरी 2020 | 2

तापमान 14.0° अधिकतम | 2.0° न्यूनतम

• सूर्यास्त 5.27 (आज)
• सूर्योदय 7.11 (कल)

**आज का पूर्वानुमान**
मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ रहेगा। धूप खिली रहेगी। सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन बढ़ेगी।

आज के कार्यक्रम

**झलोड़ी और द्वाराहाट की टीमों के बीच मुकाबला होगा**
कारचूली में जय गुरु गोरखनाथ क्रिकेट प्रतियोगिता में झलोड़ी और द्वाराहाट की टीमों के बीच मुकाबला होगा। यह मुकाबला सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

*वह कायर है जो कहता है, 'यह किस्मत है। वह मजबूत है जो खड़ा है और कहता है' मैं अपना भाग्य खुद बनाऊंगा। जितना बड़ा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी।* ■ स्वामी विवेकानंद

## मददगार : गरीब बच्चों को दी नई जिंदगी

### कुमाऊं के तीन बच्चों की अपने खर्चे पर डॉ. ओपी यादव ने कराई ओपन हार्ट सर्जरी, पांच और बच्चों की जल्द ही होगी मुफ्त में सर्जरी

दीप जोशी (संवाद)

**अल्मोड़ा।** ओपन हार्ट सर्जरी कराने में लाखों का खर्चा आता है इस कारण पहाड़ में दिल की बीमारी से पीड़ित निर्धन परिवारों के अभिभावक धनाभाव में अपने बच्चों की हार्ट सर्जरी नहीं करवा पा रहे हैं। जिससे इन बच्चों की जिंदगी खतरे में है। लेकिन नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.ओपी यादव उनके लिए भगवान बनकर आए और उन्होंने इन गरीब बच्चों को मुफ्त में सर्जरी के लिए दिल्ली बुला लिया। इनमें से तीन बच्चों की दिल्ली में ओपन हार्ट सर्जरी हो चुकी है। जबकि पांच अन्य जल्द ही ऑपरेशन के लिए दिल्ली जाएंगे। इनका सारा खर्चा डॉ. यादव ही उठा रहे हैं।

बता दें कि नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट (एनएचआई) पिछले कई सालों से अल्मोड़ा और आसपास के क्षेत्रों में हृदय रोग से पीड़ित निर्धन रोगियों के इलाज में काफी मदद करता रहा है। बीते दिनों एनएचआई और उत्तरायण फाउंडेशन ने कुमाऊं में हार्ट रोग से पीड़ित गरीब बच्चों का पता लगाकर उनके लिए 24 दिसंबर को अल्मोड़ा में शिविर आयोजित किया। शिविर में कुमाऊं के विभिन्न जिलों से आठ गरीब बच्चों को उनके अभिभावक अल्मोड़ा लेकर आए। सांसद अजय टम्टा की मौजूदगी में आयोजित शिविर में पीड़ित बच्चों के अभिभावकों ने अपनी आपबीती सुनाई और बताया कि आर्थिक हालत खराब होने के कारण वह लंबे समय से बच्चों की हार्ट सर्जरी नहीं करवा पा रहे हैं। शिविर में दिल्ली से पहुंचे एनएचआई के निदेशक जाने माने हार्ट सर्जन डॉ.ओपी यादव ने सभी आठ बच्चों की ओपन हार्ट सर्जरी अपने खर्चे पर करने की घोषणा करते हुए उन्हें एनएचआई दिल्ली आने के लिए पत्र भी दे दिया। इस काम में रोगियों और एनएचआई के साथ समन्वय कर रहे उत्तरायण हॉस्पिटल पपरसली अल्मोड़ा से जुड़े महिपाल पिलख्वाल ने बताया कि इनमें घाटीबगड़ धारचूला निवासी आस्था (13), सिप्ती चंपावत निवासी राहुल कुमार (11) और खूंट धामस अल्मोड़ा निवासी अर्जुन (11) की तीन दिन पहले ओपन हार्ट सर्जरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अन्य पांच बच्चे भी दिल्ली आकर सर्जरी करवाएंगे। इधर सांसद अजय टम्टा ने पहाड़ के गरीब बच्चों की मुफ्त में हार्ट सर्जरी करने पर एनएचआई के निदेशक डॉ.ओपी यादव की सराहना की है।

अर्जुन। आस्था। राहुल

**धनाभाव के कारण कई अभिभावक नहीं करा पाते अपने बच्चों की हार्ट सर्जरी**

**बहन के इलाज के लिए गार्ड की नौकरी की विमला ने**

**अल्मोड़ा।** घाटीबगड़ निवासी दिनेश राम की 13 वर्षीय बेटी आस्था के दिल में छेद था। जब विधवा मां बसंती को यह पता लगा तो उनके सामने दुखों का पहाड़ खड़ा हो गया। बेटी के इलाज के लिए बसंती की दीदी विमला ने जौलजीबी छोड़कर दिल्ली में सुरक्षा गार्ड की नौकरी शुरू की। एम्स में इलाज शुरू किया तो डाक्टरों ने एक लाख रुपये जमा करने को कहा। दिल्ली में फिर बच्ची की हालात खराब होने लगी थी। दोनों गरीबी के कारण दर-दर ठोकरें खा रहे थे। इसी बीच उन्हें 24 दिसंबर को अल्मोड़ा में निशुल्क हार्ट रोग शिविर की जानकारी मिली और बेटी को मुफ्त इलाज मिल गया। संवाद

**इस साल 20 बच्चों की सर्जरी कराने का लक्ष्य**

**अल्मोड़ा।** एनएचआई के निदेशक डॉ.ओपी यादव ने बताया कि वह पूरे उत्तराखंड में हैप्पी हार्ट कार्यक्रम चलाकर जरूरतमंद गरीब बच्चों की मुफ्त में ओपन हार्ट सर्जरी करेंगे। उनका इस साल का लक्ष्य उत्तराखंड में 20 गरीब और जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचना है जिनकी हार्ट सर्जरी होनी जरूरी है।

डॉ. ओपी यादव।

**बिजली की लाइनों पर भी भारी पड़ी बर्फबारी**

**बागेश्वर/अल्मोड़ा।** जिले में हुई बारिश और बर्फबारी से कपकोट क्षेत्र के लोग परेशान हैं। यहां अभी भी बिजली, यातायात और संचार सेवाएं सुचारु नहीं हो पाई है। बर्फबारी की चपेट में आने से बिजली की लाइनें और पोल जगह-जगह पर टूटे हुई हैं।

क्षेत्र के कर्मी, ढोकटीगांव, सुल्मती फुलवारी, शरण, सापुली, गुट्ठन, बघर, कर्मी, तोली, पुड़कुनी आदि गांवों में पिछले तीन दिन से तीन दिन से बिजली गुल थी। यूपीसीएल का फील्ड स्टाफ दो दिन से लाइन सुधारने में जुटा है। ऊर्जा निगम के अनुसार कर्मी, ढोकटीगांव, सुल्मती फुलवारी, शरण, सापुली, गुट्ठन, बघर गांवों में आपूर्ति सुचारु कर दी है। लेकिन तोली, पुड़कुनी समेत कई गांव में अभी बिजली गुल है। यूपीसीएल के ईई भास्कर पांडे ने बताया कि कपकोट के ग्राम विनायक धार से धुर लाइन बर्फ में डूबी हुई है। अल्मोड़ा। जिले में शनिवार को दूसरे दिन भी धूप निकली। मौसम खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। संवाद

**सूचना**

**कार्यक्रम आज**

**रैली**
■ सीएए के समर्थन में रानीखेत में भारतीय जनता पार्टी की रैली निकलेगी। रैली सुभाष चौक से शुरू होगी। इसके बाद शिव मंदिर परिसर में सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सीएए के समर्थन में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

**पंफलेट बांटेंगे**
■ सड़क सुरक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए यातायात के नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा रिस्ट बैंड, पंफलेट का वितरण किया जाएगा।

**धरना**
■ राजकीयकरण करने समेत लंबित मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं का सल्ट तहसील कार्यालय प्रांगण में धरना।

**भाषण प्रतियोगिता**
■ बागेश्वर के डिग्री कॉलेज में युवा दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकरण भाषण प्रतियोगिता आयोजित करेगा।

**प्रदर्शन**
■ नियुक्ति, पेंशन की मांगों को लेकर गुरिल्लों का प्रदर्शन।

## <u>बेरीनाग प्राइमरी हेल्थ सेंटर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य गोष्ठी के दौरान दिनांक 26 एवं 27-12-2020</u>



# बेरीनाग शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग












# बेरीनाग शिविर में आएं ह्रदय रोगियों का नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट में निःशुल्क ओपन हार्ट सर्जरी के बाद बच्चे अपने परिवार के साथ





# राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को मजबूती

यह अभियान समाज के उन तबकों के लोगों को निःशुल्क उपचार प्रदान करेगा जो हृदय रोग जैसे गंभीर बिमारी से पीड़ित हैं एवं महंगे इलाज के कारण दम तोड़ रहे हैं। साथ ही यह कार्यक्रम हृदय रोग के "कारण एवं रोकथाम" हेतु शिक्षा का प्रचार–प्रसार करेगा। जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों को निसंदेह लाभ मिलेगा एवं जो लोग इस रोग के शुरुआती दौर में है उन्हें बचाने का काम करेगा साथ ही समाज में फैले हृदय रोग से सम्बंधित कुरीतियों को भी उजागर करेगा। इस तरह यह कार्यक्रम समाज के सभी वर्ग के लोगों को स्वस्थ्य रखने में सहायक होगा और बड़े आर्थिक हानि होने से बचाएगा एवं अप्रत्यक्ष रूप से राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करेगा।

## सांसद टम्टा के प्रयासों से तीन बच्चों की हार्ट सर्जरी

अमर उजाला ब्यूरो



नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट में ऑपरेशन के बाद बच्चे।

पिथौरागढ़। सांसद अजय टम्टा के प्रयासों ने दिल्ली स्थित नेशनल हार्ट इंस्टीटयूट में 18 साल से कम उम्र के बच्चों की मुफ्त में दिल की सर्जरी की जा रही है। उनके प्रयासों से अब तक तीन गरीब बच्चों के दिल की सर्जरी हुई है। तीनों बच्चों के परिजनों ने सांसद का आभार जताया है।

सांसद अजय टम्टा को जैसे ही हार्ट इंस्टीटयूट के चैरिटी कार्य के बारे में पता चला तो उन्होंने हार्ट सर्जन ओपी यादव को 2018 में पिथौरागढ़ में कैंप लगाने के आमंत्रित किया। सर्जन यादव की सीमांत सेवा फाउंडेशन के गठन में भी अहम भूमिका रही है। गो घाटीबगड़ निवासी 13 वर्षीय आस्था पुत्री स्व. दिनेश राम के दिल में छेद था। आस्था के इलाज के लिए उसकी मां बसंती की दीदी विमला ने जौलजीबी छोड़कर दिल्ली में सुरक्षा गार्ड की नौकरी शुरू की। आस्था का एम्स में इलाज शुरू किया तो डॉक्टरों ने एक लाख रुपये जमा करने को कहा। परिवार के लोगों ने पूर्व प्रधान बबलू ग्वाल के जरिये सरमोली के जिपं सदस्य जगत मर्तोलिया को इसकी जानकारी दी।

मर्तोलिया ने सांसद टम्टा से वार्ता की। सांसद ने प्रधानमंत्री सहायता कोष के लिए प्रस्ताव भेजा। इसी बीच आस्था की हालत खराब होने लगी। सांसद

### नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट कर रहा है निर्धन बीमार बच्चों की मदद

टम्टा ने इंस्टीटयूट के मालिक डॉ. यादव से बात की। आस्था को इंस्टीटयूट बुलाया गया। मर्तोलिया ने बताया कि चंपावत के ग्राम सिप्टी निवासी 10 वर्षीय राहुल कुमार पुत्र प्रकाश राम, अल्मोड़ा के ग्राम डल (रुनडाल) भी दिल की बीमारी से ग्रसित थे। 24 दिसंबर को सांसद की मौजूदगी में अल्मोड़ा के कसार देवी में लगे मेडिकल कैंप में दोनों बच्चों का चयन सर्जरी के लिए हुआ।

तीनों बच्चों का 27 दिसंबर को डॉ. यादव ने सफल आपरेशन किया। इंस्टीटयूट के महिपाल सिंह पिलखवाल ने बताया कि उत्तराखंड के 22 बच्चों समेत 111 निर्धन मरीजों का अभी तक मुफ्त में आपरेशन किया जा चुका है।

## ''हैप्पी हार्ट प्रोग्राम'' के दौरान हिमांशु जोशी 11 साल चम्पावत, टनकपुर, उत्तराखंड की आप बीती

मेरा नाम हिमांशु जोशी है।मेरे पिता का नाम श्री हरीश जोशी है।मैं ग्राम थ्वालखेड़ा,पो.ऑ.–टनकपुर(चंपावत) का निवासी हुँ। बहुत ही हँसती खेलती दुनियाँ थी हमारी, मेरे पापा–मम्मी, मेरी बहन खुशी, मेरी दादी(आमा) जो एक हाथ से विकलांग है पापा दिल्ली में प्राईवेट कम्पनी में काम करते थे। रोज मम्मी हमें अच्छा अच्छा खाना खिलाती, हमें अच्छे–अच्छे कपड़े पहनाती थी। जैसा कि हम गांव मे रहते है तो मम्मी रोज गाय के लिए घास लेने जंगल जाती थी और खुशी और मैं दादी के साथ घूमने जाते थे। पापा भी दिल्ली से छुट्टी लेकर घर आये थे। हमें हमेशा पापा के आने का इंतजार रहता था। क्योंकि जब पापा दिल्ली से आते थे हमारे लिए कपड़े, खिलौने लाते थे। रोज की तरह उस दिन भी मम्मी ने हमें खाना खिलाया, नहलाया, कपड़े पहनाये और चल दी जंगल। करीब 2 घण्टे बाद कोई आंटी आई और उन्होंने पापा और दादी से कुछ कहा और दोनो हमें घर पर छोड़कर कहीं चले गये। कुछ देर बाद दादी और पापा रोते हुए घर आए, अचानक ये सब देखकर हम दोनो भी डर गये। मेरी मम्मी को आंगन मे लेटा दिया था। जो भी वहां थे सब रो रहे थे। मैं और खुशी मम्मी को उठाने गये तो सबने बोला मम्मी को चोट लगी है, अभी नही उठेगी। उसके बाद मुझे और खुशी को बुआ अपने घर ले गई। शाम को घर वापस आया तो मम्मी नही थी। मैंने बुआ से पूछा मम्मी कहां गई। तो बुआ ने बोला मम्मी नदी गई है नहाने। मैं उस रात अच्छे से सो नही पाया क्योंकि उस दिन मेरे घर पर बहुत लोगों का आना जाना लगा हुआ था। सुबह मैंने उठते ही पापा से पूछा मम्मी कब आएगी तो वो मुझे गले लगाकर खूब रोये। मैं रोज पूछता और रोज वही जवाब कि मम्मी नदी गई है।इस तरह से दिन बीतते गये। पापा दिल्ली नहीं गये और घर पर ही रहने लगे। पापा रोज दारू पीने लगे।धीरे धीरे पापा रोज और बहुत ज्यादा दारू के नशे में रहने लगे। पापा का गुस्सा भी दिन प्रतिदिन बढ़ने लगा। फिर एक दिन हमारे घर में कोई आंटी आई , मेरे पूछने पर बताया गया कि ये मेरी नई माँ है । उस दिन मैं और खुशी समझ चुके थे कि अब हमारी माँ कभी लौटकर नहीं आएगी। लेकिन भगवान ने नई मां के रूप में हमारी मां लौटा दी थी । कुछ समय बाद मेरे घर में 2 बहिनें और आ गई। अब हम 4 भाई– बहन है। सब ठीक हो रहा था। लेकिन पापा का दारू पीना और व्यवहार नहीं बदला। मां के जाने के बाद जैसे मुसीबतों का पहाड़ ही टूट पड़ा था। 1 दिन मेरी तबियत खराब हुई, पापा डॉक्टर के पास ले गये तो डॉक्टर अंकल ने बताया कि मेरे दिल में छेद है। पापा ने बाहर अस्पताल में दिखाया तो ऑप्रेशन के लिए बहुत पैसे लगने थे। हमारी स्थिति ऐसी नहीं थी कि हम ये ऑप्रेशन करा पाते। बहुत अस्पतालों के चक्कर काटे लेकिन कहीं भी लाखो रुपयों से नीचे बात नहीं हो रही थी। पापा अस्पताल जाने के लिए भी पैसे उधार लेकर जाते थे। फिर धीरे धीरे अस्पताल जाना भी बन्द हो गया था। शायद पापा भी अब हिम्मत हार चुके थे। मम्मी के जाने का दुःख फिर मेरी बीमारी शायद ये ही वजह थी कि पापा अब बहुत नशे में रहने लग,घर आते ही सबके ऊपर गुस्सा होना और भी बहुत चीजे जो रोज होने लगी थी। पापा हमारे ऊपर भी बहुत चिल्लाने लगे थे। मेरी दादी भी अपने इस हंसते खेलते परिवार को बिखरते हुए देखकर बहुत

रोती है। फिर यह नया साल 2020 शायद मेरे लिए नवजीवन लेकर आया है, मकर संक्रांति के दिन पापा को हमारी बिरादरी की एक बुआ मोनिका ने कॉल किया। जिसमें उन्होंने महिपाल पिलख्वाल के फेसबुक पोस्ट के बारे में जिक्र किया। उन्होंने उत्तरायण फाउंडेशन के सहयोग से नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट नई दिल्ली में हो रहे निर्धन परिवार के बच्चों की निःशुल्क हार्ट सर्जरी का जिक्र किया और पापा को वहां जाने को बोला। शायद मेरे लिए इस नए साल में कुछ अच्छा होना है इसलिए पापा भी तैयार हो गए और शाम को ही(16.01.2020) को हम दिल्ली को रवाना हो गए। 17.01.2020 की सुबह ही मैं और पापा दिल्ली पँहुचे। बुआ ने महिपाल पिलख्वाल जी का नम्बर दिया और उन्होंने ने हमें सीधा अस्पताल पहुंचने को बोला। हमारे अस्पताल पहुंचने के थोड़ी देर बाद ही मेरे टेस्ट्स होने शुरू हो गए है। महिपाल जी भी समय समय पर आकर मुझसे बातें करते है मैंने उनको बताया जब में ढेड़ साल का था तो मेरे परिवार को पता चला कि मेरे दिल मं छेद है और मेरे पापा मुझे आज तक कभी इस डॉक्टर और कभी उस डॉक्टर के पास ले गए लेकिन मुझे इलाज नहीं मिल पाया और सच बताऊं तो आज मुझे लग रहा है कि अब मेरा इलाज होकर रहेगा और मैं घर ठीक होकर जाऊंगा। शायद मेरे पापा अब दारू पीना भी छोड़ देंगे।

**फाउण्डेशन के बारे में लोगों की राय...**



मैं और मेरा पूरा परिवार डॉ यादव का आजीवन आभारी रहेगा जिन्होंने मेरी बच्ची सुहानी को नया जीवन दिया। सुहानी बनौला की मां,

''सुनिता बनौला''



उत्तरायण फाण्डेशन के कार्यों का मैं तहे दिल से स्वागत करता हूं यह प्रयास जो संस्था कर रही है, सरकार को करने चाहिए थे।

''हेमंत सिंह बिष्ट''

(55 वर्ष) कनगाड़, ताकुला, अल्मोड़ा।



उत्तरायण फाउण्डेशन व डॉ0 ओ0 पी0 यादव जी के प्रयासों से मेरे पिता को नया जीवन मिला, हम आजीवन उनके आभारी रहेंगे।

''गोपाल राम'' वमन तिलारी ।



ममता मेहता, काचुला



पूरन बनौला, गिरचौला



भगवान राम, लिगुणता

हार्ट सर्जरी के बाद नया जीवन पाने वाले हृदय रोगी आज अपना सामान्य जीवन जी रहे हैं।

---

## दानदाता

- श्रीमती भटूदेवी सोहनलाल मालू मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट, नई दिल्ली

- श्री साई कृपा सोसाइटी, डिफेन्स कॉलोनी, नई दिल्ली
- श्री विपिन अगरवाल, डिफेन्स कॉलोनी, नई दिल्ली
- डॉ ओ पी यादव एन.एच.आई नई दिल्ली
- श्री पूरन सिंह बौनोला, गिरचोला अल्मोड़ा
- श्रीमती राधिका खाती, अल्मोड़ा
- श्री देब सिंह पिलख्वाल, कपड़खान, अल्मोड़ा
- श्री खरक सिंह पिलख्वाल, कपड़खान, अल्मोड़ा
- श्री महिपाल सिंह पिलख्वाल, नई दिल्ली
- हिमालय सेवा फाउंडेशन, कसारदेवी, अल्मोड़ा
- श्री कल बिष्ट गोलू मंदिर समिति, कपड़खान, अल्मोड़ा
- श्री हेमंत सिंह कनगाड़–छीना, बागेश्वर
- श्रीमती पूनम तुली न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली
- जम्मू पिगमेंट्स लिमिटेड, कोटा,राजस्थान
- श्रीमती नूतन कुमार, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली
- मेजर संदीप सिंह न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली

## सदयस्ता

- श्री अरविन्द अगरवाल, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

## अन्य सहयोगी

- शिवालिक सेवा समिति, डीनापानी, अल्मोड़ा
- नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली
- उत्तराँचल ग्रामीण विकास समिति, बागेश्वर
- कसार देवी मंदिर समिति, कसारदेवी, अल्मोड़ा
- श्री अजय टम्टा, माननीय सांसद महोदय
- श्री प्रदीप टम्टा माननीय राज्य सभा सांसद, भारत सरकार
- श्री रघुनाथ सिंह चौहान विधान सभा उपाध्यक्ष उत्तराखंड सरकार
- श्री मनोज तिवारी जी पूर्व विधायक अल्मोड़ा सदर
- श्री राजेंद्र बाराकोटी उपाध्यक्ष अनुसूचित आयोग
- श्री पी. सी. तिवारी जी अध्यक्ष उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी
- श्रीमती एंड श्री शेखर लखचौरा जी प्रधानाचार्या एवं प्रबंधक शारदा पब्लिक स्कूल
- श्री शिवराज सिंह जी नगरखान विकास समिति, अल्मोड़ा
- श्री मोहन सिंह महरा जी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, अल्मोड़ा
- श्री प्रताप सिंह बिष्ट जी, खूट धामस, अल्मोड़ा

- श्री बद्री विशाल अग्रवाल जी, प्रबंधक कसार जंगल रिसोर्ट, अल्मोड़ा
- श्री देब सिंह पिलख्वाल जी, भूतपूर्व प्रधानाचार्य केन्दीय विद्यालय
- श्री सिकंदर जोशी जी, हिमालया सेवा फाउंडेशन, अल्मोड़ा
- कुमाऊँ यूनिवर्सिटी, अल्मोड़ा
- लाल पैथोलॉजी
- जिला अधिकारी अल्मोड़ा
- पुलिस अधीक्षक, अल्मोड़ा
- सी. एम्. ओ. अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़
- सीमान्त सेवा फाउंडेशन, पिथौरागढ

## चिकित्सक संवाद

फाउण्डेशन समय समय पर संवेदनशील चिकित्सकों के बीच भी जागरूकता अभियान चलाता हे। इस क्रम में उत्तराखण्ड में अनेक चिकित्सक डॉ ओ पी यादव के संपर्क में आए और विभिन्न अभियानों में सहयोग की पेशकस भी की है। फाउण्डेशन इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए चिकित्सकों के एक बड़े मंच को तैयार कर उन्हें स्वैच्छिक रूप से सामाजिक कार्यों के लिए जुड़ने के लिए प्रेरित करने का बीड़ा उठाया है। नेशनल हार्ट इंस्ट्टीयूट के अनेक चिकित्सक पूर्व से ही इस अभियान का हिस्सा है। डॉ यादव के पुत्र डॉ मृणाल यादव व धर्म पत्नी श्रीमती उषा यादव बतौर चिकित्सक इस अभियान में शामिल हो चुके हैं।



डॉ0 यादव उत्तरायण टीम के साथ

## पैरवी, अभियान व नेटवर्किग




उत्तरायण फाउण्डेशन के प्राथमिक सदस्य

पैरवी व नेटवर्किंग के तहत फाउण्डेशन को दो स्तरों पर बड़ी सफलता मिली है। क्षेत्र में मीडिया के बीच संवेदीकरण की प्रक्रिया में सभी मीडिया संस्थानों ने खुलकर फाउण्डेशन के कार्यों की सराहना की और हमारे प्रयासों को जन सामान्य तक पहुंचाया। इसी क्रम में क्षेत्र के विधायक, सांसदों आदि के बीच लगातार पैरवी के परिणाम स्वरूप पूर्व में स्थगित हार्ट केयर सेंटर का प्रस्ताव प्रदेश सरकार द्वारा पुनः मान लिया गया और सरकार ने नेशनल हार्ट इंस्ट्टीयूट, नई दिल्ली के साथ करार किया है कि बेस चिकित्सालय अल्मोड़ा में हमारे सहयोग से एक कार्डिक सेंटर स्थापित होगा जिसकी प्रक्रिया चल रही है।

# महिला सशक्तीकरण

महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय होने के वाबजूद केन्द्र में नहीं दिखाई पड़ती। आज भी वह शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास के समान अवसरों जैसी बुनियादी अधिकारों से वंचित हैं। लैगिक भेदभाव और समाज का पुरूषवादी ढांचा उनको उनके मुददों, समस्याओं को बेहद असंवेदनशील तरीके से देखता है। जानकारी और जागरूकता के अभाव में महिलायें गैर बराबरी का आसान शिकार होती हैं। सामूहिक शक्ति के अभावों मे उनके लिए अपने मुददों को उठाना बेहद कठिन है। फाउण्डेशन कसारदेवी क्षेत्र में किशोरियों को स्वास्थ्य सम्बंधी नवीन जानकारियों से लैस कर रहा है और उनके माध्यम से महिला समाज के बीच स्वास्थ्य ज्ञान का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# सामुदायिक कार्यक्रम



सामुदायिक जागरूकता में महिपाल पिलख्वाल

शिविरों के दौरान स्वास्थय शिक्षा गोष्ठी का आयोजन एवं हृदय रोग, सामान्य रोग एवं नेत्र रोग ''समस्या एवं निदान'' विषय पर श्री महिपाल पिलख्वाल द्वारा डॉक्यूमेंट्री फिल्म के मध्यम से लोगों को जागरूक किया और सलरता से कुमाऊनी भाषा में लोगों के स्वास्थ्य सम्बंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। अब तक उत्तरायण फाउंडेशन 15,000 से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य शिक्षा, हृदय रोग , नेत्र रोग स्वच्छ पेयजल, सफाई एवं खान पान के विषयों पर लोगों को जागरूक करने में सफल रही। इन अभियानों का प्रभाव अब क्षेत्र के लोगों में दिखने लगा है। फाउण्डेशन जन शिक्षण के अपने इस अभियान को सतत रूप से जारी रखेगा।

प्रकाशन– शैक्षणिक हस्तक्षेप के लिए जहॉ प्रशिक्षण, जागरूकता अभियान, बैठकें आदि बहुत महत्वपूर्ण हैं, वहीं प्रकाशित सामग्री के बगैर ये सभी कार्यक्रम सशक्त नहीं हो सकते। राष्ट्रीय–अतर्राष्ट्रीय स्तर पर चलने वाली प्रक्रियायें ग्रामीण जीवन को सीधे प्रभावित करती हैं, इसलिए संस्था का मानना है कि स्वास्थ्य सम्बंधी हर छोटी से छोटी जानकारी समुदायों तक पहुंचनी चाहिए ताकि वे बराबरी से आगे बढ़ सके।

इसी उद्देश्य के लिए संस्था द्वारा विभिन्न मुददों पर जानकारी देने, समझ विकसित करने तथा नीतिगत हस्तक्षेप को आगे बढ़ाने के लिए समय समय पर विभिन्न प्रकाशन

किए गए एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रकाशित जागरूकता सामग्री को भी एकत्र कर समुदायों तक पहूँचाया गया। इस वर्ष फाउण्डेशन द्वारा उत्तरायण पत्रिका नाम से एक पत्रिका शुरू की गई जो अभी ई–फार्मेट में हैं जल्द ही इसे प्रकाशित कर प्रचारित प्रसारित किया जाएगा।

संस्था द्वारा इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य जागरूकता, धूम्रपान के नुकसान, स्वच्छता आदि पर एक डिजिटल संग्रह भी तैयार किया है जिसे विभिन्न शिविरों में जागरूकता के लिए प्रयोग किया जाता है। क्षेत्र में जन सहयोग से उत्तरायण फाउण्डेशन वृहद स्तर पर अपने काम करने की योजना बना रहा है।

---

# मीडिया द्वारा फाउंडेशन के कार्यों की सराहना...

## स्वास्थ्य शिविर में 1200 रोगियों की मुफ्त जांच

**अल्मोड़ा।** शारदा पब्लिक स्कूल और नगर व्यापार मंडल के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कैंट स्थित शारदा पब्लिक स्कूल में नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित शिविर में भीड़ उमड़ी। हृदय और नेत्र के 1200 रोगियों का परीक्षण कर दवा दी गई।

शिविर में नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट नई दिल्ली के हृदय रोग विशेषज्ञ डा. ओपी यादव, डा. रवि गुज्जू, डा. राजकुमार सैनी के अलावा नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. ऊषा यादव ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टेक्नीशियन निर्मल कुमार द्विवेदी ने ईसीजी की। ब्लड प्रेशर, शुगर की भी जांच की गई। डॉक्टरों की सलाह पर रोगियों को निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। बीपीएल परिवारों के छह मरीजों का हार्ट आपरेशन के लिए चयन भी किया गया। इन मरीजों का इलाज नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट नई दिल्ली में किया जाएगा। शिविर के संचालन में स्कूल के प्रबंधक शेखर लखचौरा, प्रधानाचार्या विनीता लखचौरा, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साह रिक्खु, डा. जेसी दुर्गापाल, नासिर हुसैन के अलावा स्कूल के स्टाफ आदि ने सहयोग दिया।


**कवायद : एनएचआइ ने साफ्टवेयर किया तैयार, टेली मेडिसिन सेवा से जानेंगे लक्षण**

## अब गरीब भी रख सकेंगे हृदय का ख्याल

**बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा**

**हृदय हमारे** शरीर का सबसे नाजुक अंग होता है। जिस कारण कोई भी चीज इसे आसानी से नुकसान पहुंचा सकती है। वर्तमान दौर में तनाव और भागमभाग की दिनचर्या के चलते अधिकांश लोग हृदय रोग से पीड़ित हैं। वहीं महंगा उपचार होने के कारण गरीब तबके के लोगों के लिए हृदय रोग का उपचार काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट ने अब आर्थिक रूप से कमजोर लोगों दिल्ली के बजाय अल्मोड़ा में ही हृदय रोग के उपचार की सुविधा देने की पहल शुरू कर दी है।

हृदय रोग के रोगियों की बढ़ती संख्या पहाड़ के लिए काफी चिंताजनक है। प्रतिस्पर्धा के दौर में काम का तनाव और अव्यवस्थित दिनचर्या के चलते आए दिन लोग हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में लोगों को हार्ट अटैक जैसी स्थिति से बचाया जा सके। इसके लिए नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट ने अल्मोड़ा में टेली मेडिसिन सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। इस सेवा को शुरू करने के लिए अल्मोड़ा निवासी एनएचआइ के आइटी विभाग प्रमुख महिपाल पिलख्वाल की पिछले दो सालों की मेहनत के बाद एक ऐसा साफ्टवेयर तैयार कर लिया गया है। जिससे अल्मोड़ा में बैठे रोगी का ईसीजी, रक्तचाप और जैविक लक्षण एक पल में दिल्ली एनएचआइ में बैठे हृदय रोग विशेषज्ञों के पास पहुंच जाएंगे। नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट द्वारा रोगियों को दवाएं उपलब्ध कराने के लिए पपरसैली में उत्तरायण हॉस्पिटल में दवाओं की विशेष व्यवस्था के साथ ही प्रशिक्षित स्टाफ की भी तैनाती कर दी है। पिलख्वाल ने बताया कि जल्द ही पहाड़ के अन्य जनपदों से भी इस सेवा को शुरू किया जाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों से महानगरों में जाकर उपचार न करा पाने वाले गरीब रोगियों के लिए यह सेवा वरदान साबित हो सकेगी।



### सूपी से होगा सेवा का शुभारंभ

**अल्मोड़ा :** नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित टेली मेडिसिन सेवा का शुभारंभ बागेश्वर जिले के सूपी गांव से शुरू होगा। नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट के चिकित्सक डा. ओपी यादव 23 अक्टूबर को बाकायदा शिविर लगाकर इस सेवा का पहली बार प्रर्दशन करेंगे। जिसके बाद अल्मोड़ा में कभी भी हृदय रोगी इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

### दो सौ विशेषज्ञ करेंगे उपचार

**अल्मोड़ा :** नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट ने अल्मोड़ा में शुरू होने वाली टेली मेडिसिन सेवा में दो सौ हृदय रोग विशेषज्ञों को जोड़ा जाएगा। संस्था के आइटी प्रमुख महिपाल पिलख्वाल ने बताया कि हृदय रोगियों को बेहतर उपचार दिया जा सके। इसके लिए देश के दो सौ से अधिक हृदय रोग विशेषज्ञों से इस सेवा का सफल बनाने के लिए उन्हें इससे जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि इस सेवा का लाभ लेने वाले रोगियों को एक हजार रुपये से कम और निर्धन लोगों को निशुल्क सेवा देने का प्रयास किया जाएगा।

# -आह्वान-

प्रिय मित्रों,



एक छात्र के रूप में मुझे, दूरदराज हिमालयी क्षेत्रों में जाने एवं वहाँ रहने का अवसर मिला और कुमाऊँ की संस्कृति, जीवन शैली के साथ-साथ लोगों की रोजमर्रा की जरुरत और समस्याओं को करीब से जानने का मौका मिला। तमाम समस्यायों में से एक समस्या है। जरुरत मंद लोगों का स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य के प्रति शिक्षा का अभाव, हमारे यहाँ स्वच्छ वातावरण होने के बावजूद हृदय-रोग, कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक, जैसे नॉन-क्मुनिकेबल बीमारियाँ एवं आँखों की समस्याएं, जैसे मोतियाबिंद सर्वव्यापी हैं। खास तौर से दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले कम आय वर्ग के परिवार विशेष रूप से खतरे के मुहाने में हैं।

लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। अब तक उत्तरायण फाउंडेशन अपने इस अभियान के तहत 15000 से अधिक लोगों तक डॉक्यूमेंट्री फिल्म एवं पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से हृदय रोग, नेत्र रोग, साफ पानी, खान पान, स्वास्थ्य शिक्षा, स्वच्छता आदि बिषयों पर लोगों को शिक्षा दी गयी एवं कुमाउनी भाषा में सम्बंध स्थापित कर लोगों के प्रश्नो का उत्तर दिया गया जो उनको स्वास्थय के प्रति और अधिक जागरूक करने में सहायक रही है।

ऊत्तरायण फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण परिवेश में अस्पताल के निर्माण हेतु कदम उठाये जा रहे हैं। इन सब गतिविधियों के लिये धनराशि एवं जन सहयोग की जरुरत है। एक शुभचिंतक और समाज के मूल्यवान नागरिक होने के नाते आप सभी से विन्रम अनुरोध करते है की जरूरतमंद लोगों की मदद हेतु आगे आएं। हमारा यह प्रयास खास तौर से उन लोगों के लिए है जो अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग तो देना चाहते है। पर अपने आप को अकेला पाकर पीछे हट जाते है। आपका सहयोग अमूल्य है हम चाहतें है कि आप इस अभियान में दिल से जुड सकें।

आप सभी का सादर धन्यवाद।

**महिपाल सिंह पिलख्वाल**
महासचिव,
उत्तरायण फाउण्डेशन
स्नो व्यू , कसारदेवी रोड, पपरसली , अल्मोड़ा, उत्तराखंड
, मोब0 09810601252
*email: uttarayana.faith@gmail.com*

UTTA RAYA NA
FAITH

# उत्तरायण हॉस्पिटल

## डीनापानी-कसारदेवी रोड, पपरसली, अल्मोड़ा

## सुविधाएँ

- आधुनिक ऑपरेशन थिएटर।
- कार्डियक मौनिटरिंग एवं आई.सी.यू.।
- आधुनिक वेंटीलेटर।
- डिजिटल ई.सी.जी.।
- पैथोलॉजी लैब।
- एक्स-रे एवं फार्मेसी।
- टेलीमेडिसिन द्वारा दिल्ली के डाक्टरों से परामर्श की सुविधा।


हॉस्पिटल प्रांगण


मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन



मरीज वेटिंग रूम




ओ.पी.डी. कक्ष


ई.सी.जी.


एक्स-रे



नर्सिंग स्टेशन


वार्ड


कार्डियक मॉनिटरिंग यूनिट


आई.सी.यू. यूनिट


ऑपरेशन थियेटर


वेटिंग एरिया

उत्तरायण हॉस्पिटल डीनापानी - कसारदेवी रोड, पपरसली, अल्मोड़ा, उत्तराखंड -263601
संपर्क - 9810601252, 9410159952, 9458101598